सावन में चल हरिद्वार | By Sunil Sarvottam

सावन में चल हरिद्वार
भोले का नाम पुकार
होने नहीं देगा बाबा कभी तेरी हार
चाहे दुश्मन हो संसार आएगा लखदातार
होने नहीं देगा बाबा कभी तेरी हार

हर सावन में लगता है मेला
भोले बाबा के दरबार
सबकी मंशा पूरी करता
साँची साँची है सरकार
कभी करता नहीं इनकार
चल तू बाबा के द्वार
होने नहीं देगा बाबा कभी तेरी हार

बाबा के दर जाकर देखो
खाली नहीं लौटाएगा
दिल से कभी बुलाकर देखो
दौड़ा दौड़ा आएगा
वो तो नंदी पे होके सवार
तेरे भर देगा भण्डार
होने नहीं देगा बाबा कभी तेरी हार

जिसका नहीं है कोई साथी
बाबा उनका सहारा है
जिनकी नैया डूब रही हो
उनको पार उतारा है
चाहे गहरी हो मझधार
करता है बेडा पार
होने नहीं देगा बाबा कभी तेरी हार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-sunil-sarvottam/